लोक सभा अध्यक्ष ने देशवासियों को ओणम के त्यौहार की शुभकामनाएं और बधाई दी।

कोटा, 20 अगस्त, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने देशवासियों को ओणम के त्यौहार की शुभकामनाएं और बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"सभी को ओणम के त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। सांप्रदायिक सौहार्द का यह पर्व सामाजिक मेलजोल और समरसता का संदेश पूरे विश्व को देता है। साथ ही यह हमारी बहुरंगी संस्कृति की सजीव छटा भी प्रस्तुत करता है।

आज के दिन ईश्वर से मेरी यही कामना है कि ओणम का पर्व समस्त देशवासियों के जीवन में सुख समृद्धि लेकर आए। ढेर सारी खुशियां लेकर आए।"